**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**15.09.2024** **1945 बजे**

## मुख्य समाचार

- राज्य आबकारी व कराधान विभाग का हुआ पुनर्गठन– कार्यकुशलता बढ़ाने और बेहतर सेवाएं देने के लिए की गई पहल।
- सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा– कांग्रेस के आर्थिक कुप्रबंधन से कर्ज़ के बोझ तले दबा हिमाचल।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार को भर्ती परीक्षाओं के परिणाम जल्द घोषित करने की दी सलाह।
- जम्मू–कश्मीर में शहीद हुए नादौन क्षेत्र के जवान अरविंद सिंह का सैन्य सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार।

## पुनर्गठन

राज्य सरकार ने कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से आबकारी व कराधान विभाग का पुनर्गठन किया है। इसके तहत वस्तु व सेवाकर विंग और आबकारी विंग बनाए गए हैं। विभागीय कार्यों को सुव्यस्थित करने और लोगों को बेहतर सेवाएं देने के लिए ये पहल की गई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में बताया कि विभाग के प्रत्येक विंग में विशेषज्ञों के होने से कार्यकुशलता में सुधार आने की उम्मीद है। वस्तु व सेवाकर अधिकारी करदाता सेवाओं और राजस्व निगरानी का ध्यान केन्द्रित करेंगे जबकि आबकारी विंग अपने संचालन के सामाजिक प्रभाव को देखते हुए नियामक कार्यों को संभालेगा। उन्होंने कहा कि विभाग के पुनर्गठन के तहत 38 नए पद सृजित किए जाएंगे।

## अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंडी जिले के थुनाग में आज जलशक्ति विभाग के तहत करीब 7 करोड़ 65 लाख रूपए के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। एक जनसभा में उन्होंने कहा कि सरकार सभी क्षेत्रों के समान विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और बिना किसी भेदभाव के संतुलित विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। अग्निहोत्री ने कहा कि आज वे नेता प्रतिपक्ष के गृह क्षेत्र में आए है और इस क्षेत्र में भी विकास कार्यों की गति कम नहीं होने दी

जाएगी। इससे पहले उन्होंने जंजैहली के चौलूथाच में 3 दिवसीय सराज टेलेंट एंड टूरिज्म फैस्टिवल का समापन कियझं

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन से हिमाचल आज एक बड़े कर्ज़ के बोझ तले दब गया है। ऊना में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मार्च 2021 तक प्रदेश पर 62 हजार करोड़ रूपए का कर्ज़ था जो आज बढ़कर 95 हजार करोड़ रूपए हो गया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने उद्योगों पर भी सेस बढ़ाया है जिसके कारण राज्य में उद्योग पलायन कर रहे है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सदस्यता अभियान को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा लगातार लोकप्रिय संगठन बनता जा रहा है। अनुराग ठाकुर ने राष्ट्र नवनिर्माण के महाअभियान में भागीदार बनने के लिए लोगों से भाजपा का सदस्य बनने का आग्रह भी किया।

**बयान**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि पूर्व भाजपा सरकार की कथित गलत नीतियों के कारण ही प्रदेश की आर्थिक स्थिति खराब हुई है। इन नेताओं ने कहा कि पूर्व सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम महीनों में राजनीतिक लाभ के लिए कई मुफ्त योजनाओं की शुरूआत की और 9 सौ से अधिक संस्थान खोले जिससे प्रदेश के खजाने पर भारी दबाव पड़ा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने आर्थिक चुनौतियों से निपटने और कर्ज पर निर्भरता समाप्त करने के लिए कई सुधारात्मक कदम उठाए है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश में आर्थिक संकट नहीं है और सरकार हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार सुधार कर रही है।

**भाजपा**

दूसरी ओर प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व विधायक सतपाल सत्ती ने कांग्रेस सरकार पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पैसे न होने पर नाटक कर रही है जबकि सच्चाई ये है कि सरकार के पास अपने लिए पैसे हैं जबकि

जनता के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि समय पर विकास कार्यों की डीपीआर न बनने के कारण करोड़ों रूपए की राशि प्रदेश से वापिस जा रही है।

## दूरदर्शन

दूरदर्शन आज 65वीं वर्षगांठ मना रहा है। देश में टेलीविजन प्रसारण की शुरुआत आज ही के दिन, 15 सितंबर 1959 को दूरदर्शन से हुई थी। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने इसके पहले प्रसारण का उद्घाटन किया था। वर्ष 1975 तक दूरदर्शन, आकाशवाणी का ही हिस्सा था। पहली अप्रैल 1976 को यह सूचना और प्रसारण मंत्रालय का एक अलग विभाग बना और बाद में प्रसार भारती के नियंत्रण में आया। अपनी स्थापना से लेकर अब तक डी.डी. नेशनल ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव देखे हैं और सार्वजनिक सेवा प्रसारण की प्रतिबद्धता बनाए रखी है। अपने विशाल नेटवर्क के आधार पर दूरदर्शन आज भारत का सबसे बड़ा प्रसारक है, जिसकी पहुंच ग्रामीण दर्शकों तक है। दूरदर्शन के छह राष्ट्रीय और 22 क्षेत्रीय चैनलों से 24 घंटे प्रसारण होता है।

## जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार भर्ती परीक्षा के परिणाम घोषित करने का कोई रास्ता नहीं निकाल रही है। एक बयान में उन्होंने कहा कि सरकार केवल बयानबाजी से ही काम चलाना चाहती है और हर विधानसभा सत्र में परीक्षा परिणाम जारी करने का आश्वासन दिया जाता है। जयराम ठाकुर ने युवाओं की परेशानी को देखते हुए सरकार को जल्द से जल्द लंबित पड़ी परीक्षाओं के परिणाम निकालने और नई भर्तियों की घोषणा करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पोस्ट कोड–817 का परिणाम तो जारी कर दिया है लेकिन अभी भी काफी विभागों में नियुक्तियां नहीं दी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले परिणाम के नाम पर युवाओं को डेढ़ साल तक इंतजार करवाया गया और अब नियुक्ति के नाम पर खेल हो रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार की इस तरह की कार्यप्रणाली बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

## शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मेलों को प्राचीन संस्कृति का प्रतीक बताते हुए इनके संरक्षण पर बल दिया है। शिमला जिले के ठियोग क्षेत्र में आज रिहाली मेले के समापन पर उन्होंने कहा

कि प्रदेश में होने वाले मेले कहीं ना कहीं देव संस्कृति से जुड़े हैं, जिससे इनका महत्व और भी बढ़ जाता है। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार दुर्गम क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता दे रही है। विधायक कुलदीप राठौर भी इस दौरान मौजूद रहे।

**शहीद**

हमीरपुर जिला के नादौन क्षेत्र से संबंध रखने वाले शहीद जवान अरविंद सिंह का आज उनके पैतृक गांव में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी। प्रशासन की ओर से उपायुक्त अमरजीत सिंह व अन्य वरिष्ठ अधिकारी अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद रहे। शहीद का पार्थिव शरीर गांव में पहुंचने से पहले युवाओं ने बाईक रैली निकालकर शहीद अरविंद सिंह को श्रद्धाजंलि अर्पित की। अरविंद सिंह शुक्रवार को जम्मू कश्मीर में आंतकियों के साथ हुई मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। उनकी शहादत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

**सेवा पखवाड़ा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि इसके तहत राज्य के सभी 17 संगठनात्मक जिलों में युवा मोर्चा के नेतृत्व में रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। इसके अलावा सभी पोलिंग बूथों पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी तरह 25 सितंबर को पंडित दीन दयाल उपाध्याय का जन्म दिवस भी भाजपा हर पोलिंग बूथ पर मनाएगी। पार्टी ने इस दिन पंडित दीन दयाल उपाध्याय को श्रद्धाजंलि देने के बाद हर पोलिंग बूथ पर 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

**अभियंता दिवस**

आज अभियंता दिवस है। यह दिवस महान अभियंता सर एम. विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभियांत्रिकी के क्षेत्र में योगदान के लिए सर एम. विश्वेश्वरैया के योगदान को याद किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि देश की प्रगति, नवाचार और चुनौतियों से निपटने में अभियंताओं का योगदान सराहनीय रहा है। प्रधानमंत्री ने अभियंता दिवस पर एक वीडियो भी साझा किया है।